राष्ट्र हित उद्योग हित श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथै:

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

पत्रांक: ABOO_WO/2021/012

दिनांक: 12-05-2021
<u>ईमेल के माध्यम से</u>

सेवा में,
अध्यक्ष/ महाप्रबंधकगण
समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धकगण
समस्त स्टाफ - प्रधान कार्यालय (कार्मिक विभाग)
समस्त स्टाफ- समस्त क्षेत्रीय कार्यालय (कार्मिक विभाग)

<u>अभिनंदन पत्र/ प्रशंसा पत्र</u>
<u>ससमय 11वें वेतन समझौते का Arrear 100%</u>
<u>एकमुश्त भुगतान सफलतापूर्वक करवाने हेतु</u>

हमारे कई साथी इस Covid 19 नामक महामारी के दौरान अपने दायित्वों को निभाते हुए असामयिक ही ईश्वर को प्यारे हो गए| और ऐसे में इस समय उनके परिवार भी उनके अभाव के साथ ही आर्थिक भविष्य हेतु चिंतित भी होंगे| ऐसे विकट समय में यह कहना उचित ही है कि जो चला गया उसे वापस नहीं लाया जा सकता किन्तु जो बचे हुए हैं उन्हें बचाने के लिए जो भी किया जा सके करना चाहिए और इसी भावना को देखते हुए प्रधान कार्यालय व हम सभी समय से Arrear निर्गत करने के पक्षधर थे चाहे रास्ते में कितनी भी कठिनाइयाँ आयें| जो कि अब कई व्यवधानों एवं कठिनाइयों के बावजूद पूर्ण हो चुका है| **आर्यावर्त बैंक प्रबन्धन द्वारा अपने समस्त कार्मिकों को एक मुश्त 11वें वेतन समझौते की Arrear राशि का सम्पूर्ण भुगतान पूर्ण रूप से कर दिया गया है एवं अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार देश की 43 RRB में से प्रथम RRB है जहां Arrear की सम्पूर्ण राशि को एकमुश्त भुगतान कर दिया गया है| इस सराहनीय कार्य के लिए सर्वप्रथम 105 करोड़ का Advance Provision करने वाले हमारे बैंक के नेतृत्वकर्ता माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समस्त महाप्रबंधक गण बधाई एवं अभिनंदन के पात्र हैं| जब प्रधान कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय भी शाखाओं की भांति Covid के खतरे से जूझ रहे थे ऐसे में हमारे प्रधान कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय के साथी अपनी बैंक में सैनिक की भांति कार्य करने वाले प्रत्येक स्टाफ को Arrear की राशि जल्द से जल्द देने हेतु लगे हुए थे जिसकी जितनी भी सराहना की जाए कम ही होगी| हम अपने प्रधान कार्यालय के समस्त साथियों एवं क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त साथियों का भी हार्दिक अभिनंदन करते हैं जिनके अदम्य परिश्रम के फलस्वरूप यह विकट कार्य तय समय में संभव हो सका|**

इसी के साथ हम इस पत्र के माध्यम से प्रधान कार्यालय/ क्षेत्रीय कार्यालयों के उच्चाधिकारियों व कार्मिक विभाग के साथियों को यह अनुरोध भी करना चाहेंगे कि **"हमारे जो साथी इस Covid के समय असामयिक दिवंगत हो गए हैं उनके परिवारीजन को समय से उनके Dues का भुगतान सहित उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया हेतु तेजी लाई जाए, उनके परिवारों को समस्त फॉर्म्स उपलब्ध करवा दिये जाएँ व उनकी सहायता की जाए जिससे अनावश्यक विलंब न हो सके| जो कार्मिक Covid के कारण इस दुनिया को छोड़ चुके हैं उन्हें covid Insurance की राशि 20 लाख जल्द से जल्द निर्गत करवाने हेतु सम्पूर्ण प्रयास किए जाने चाहिए|"**

हम सभी दिवंगत साथियों को **श्रद्धांजलि** देते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हैं व उनके परिवारिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हैं एवं जो हमारे साथी covid से जंग लड रहे हैं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं| **पुनः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं महाप्रबंधक महोदय के नेत्रत्व में अपने प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थ समस्त साथियों का इस पुनीत कार्य को सफलतापूर्वक सम्पूर्ण करने हेतु हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करते हैं एवं भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं|**

भवदीय

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

[Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

Dream India: Clean India, Green India
(भारत माता की जय)